कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/माध्यमिक/शालादर्पण/60302/2018–19/14 दिनांक :– 03.05.19

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक।
समस्त जिले ।

विषयः– शालादर्पण पोर्टल द्वारा तैयार परीक्षा परिणाम के अनुमोदन के क्रम में।
प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांकःशिविरा–मा/शालादर्पण/60306/2016–17/289 दिनांक 18.04.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि कक्षा 1 से 4 व 6, 7 तथा 9 का परीक्षा परिणाम शालादर्पण पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को शालादर्पण द्वारा डाउनलोड कर प्रिण्ट किए गए प्रगति–पत्र/रिपोर्ट कार्ड वितरित किये जाने है। देखने में आ रहा है कि कई जिला/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परीक्षा परिणाम अनुमोदन के संबंध में आदेश प्रसारित कर रहें हैं जबकि प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्व में निर्देशित किया गया है कि शालादर्पण पोर्टल के माध्यम से तैयार परीक्षा परिणाम को नोडल विद्यालय से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं हैं तथा विद्यालय स्तर पर गठित समिति से जॉच करवा कर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।

शालादर्पण पोर्टल के माध्यम से तैयार परीक्षा परिणाम की शालादर्पण से डाउनलोड ग्रीन शीट का प्रिंट लेकर संस्थाप्रधान तथा विषयाध्यापकों के प्रमाणीकरण के पश्चात् विद्यालय रिकॉर्ड में परीक्षा परिणाम रजिस्टर के रूप में संधारित किया जाए।

संलग्नः प्रासंगिक आदेश।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्, राजस्थान जयपुर।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
5. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी (आदर्श विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

Scanned by CamScanner

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमाकः– शिविरा–मा / शाला दर्पण / 60306 / 2016–17 / 289 दिनांक :– 18.4.17

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा, प्रथम / द्वितीय

विषयः– सत्र 2016–17 का कक्षा 6, 7 व 9 का परीक्षा परिणाम शाला दर्पण द्वारा तैयार करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषय में लेख है कि वर्तमान सत्र 2016–17 में कक्षा 6, 7 व 9 का परीक्षा परिणाम शाला दर्पण के माध्यम से तैयार किया जाएगा। इस हेतु शाला दर्पण पर मॉड्यूल प्रारंभ हो चुका है तथा विद्यालयों द्वारा परीक्षा परिणाम मॉड्यूल में अंक फीड किए जा रहे है। सत्र 2016–17 के परीक्षा परिणाम निर्माण हेतु अग्रांकित बिन्दुओं के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें:–

1. कक्षा 6, 7 व 9 के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं का परीक्षा परिणाम पूर्व की भांति ही तैयार कर घोषित किया जायेगा। इसी प्रकार व्यावसायिक शिक्षा, विशिष्ट विद्यालय (मूक बधिर एवं अन्ध विद्यालय) एवं कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 सीसीई संचालित विद्यालयों की उक्त कक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी पूर्ववत ही तैयार किया जायेगा।
2. शाला दर्पण से तैयार परीक्षा परिणाम की नोडल विद्यालय से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है तथा विद्यालय स्तर पर ही जांच समिति बनाकर परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व जांच करवा ली जावे।
3. शाला दर्पण से तैयार परीक्षा परिणाम से संबंधित जिला स्तर पर आवश्यक रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी लॉगिन पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। विद्यालय से मंगवाने की आवश्यकता नहीं है।
4. रिजल्ट निर्माण हेतु कक्षौन्नति नियम तथा अंक विभाजन संबंधी नवीनतम नियम निदेशालय द्वारा निर्देश पत्र क्रमांक शिविरा–माध्य / मा–स / 22497 / कक्षौन्नति / 2017 / 44 / दिनांक 31.03.17 द्वारा प्रसारित किए जा चुके है, जो विद्यालय लॉगिन के रिजल्ट टैब में उपलब्ध है।
5. ऐसा जानकारी में आया है कि कुछ जिलों में कुछ विषयों में शाला दर्पण पर उपलब्ध अंकविभाजन से भिन्न अंक विभाजन के आधार पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा तथा सामयिक परखों का आयोजन कर लिया गया है। इस स्थिति में उक्त विषय के अंकों को निर्धारित अंक विभाजन के अनुसार अनुपातिक आधार पर परिवर्तित कर शाला दर्पण में फीड करे।
6. परीक्षा परिणाम निर्धारित तिथि तक घोषित होना सुनिश्चित करने के लिए अंकों की फिडींग तथा परीक्षा परिणाम यथाशीघ्र तैयार कर ले जिससे किसी तकनीकी वाधा के चलते परीक्षा परिणाम घोषणा में विलम्ब न हो।
7. टीसी जारी / एनएसओ विद्यार्थियों का नाम परीक्षा परिणाम में अंकित होगा, यदि 11 अगस्त 2016 (प्रथम परख की आयोंजन तिथि) के पश्चात् नाम पृथक हुआ है।

(बी.एल. स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Email : ad.shaladarpan.dse@rajasthan.gov.in ☎0151–2201861 D:\SHALADARPANABHAY\GOV\...

Scanned by CamScanner